

शिमला में संजौली कॉलेज के गोल्डन जुबली कार्यक्रम के दौरान पहाड़ी नाटियों पर झूमते छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

# चम चमांदे तेरे दांदड़ू बांठणे पर संजौली कॉलेज में मचा धमाल

## स्वर्ण जयंती समारोह में विक्की चौहान ने नाटियों पर नचाए छात्र, प्राचार्य ने भी लगाए ठुमके

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी के उत्कृष्ट केंद्र संजौली कॉलेज की 50वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इसी कॉलेज के छात्र रहे लोक गायक विक्की चौहान ने ये लागी नाटी सही पकड़े..., चम चमांदे तेरे दांदडू बांठणे... ताखे पिलाऊ आं आश्यिाने की कॉफी.. सहित दर्जनों गीत गाकर खूब धमाल मचाया।

इनके गाए पहाड़ी गीतों पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता, शिक्षक डॉ. रामलाल शर्मा, डॉ. इंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. रविंद्र चौहान और सुरेंद्र चौहान के साथ पूर्व छात्र प्रदीप गुप्ता, पीपी शर्मा शर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने डांस किया। कॉलेज में पिछले दो दिन से गोल्डन जुब्बली उत्सव की धूम है। दूसरे दिन प्रो. अत्तर सिंह चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि समारोह में शिरकत की। इस कॉलेज के 1969 के पहले बैच के छात्र रहे हैं। इस मौके पर पूर्व छात्र एवं लोक गायक विक्की चौहान ने कहा कि प्रदेश में नशे की बढ़ती प्रवृति घातक है। युवाओं को नशे के बजाए खेलों और पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

### नेरवा में 15 से छेड़ेंगे स्वच्छता अभियान

नेरवा (रोहड़ू)। नेरवा कॉलेज के स्वयंसेवियों ने शनिवार को स्वच्छता अभियान छेड़ा। छात्रों ने कॉलेज से शिक्यार, नेरवा बाजार, डुंडी माता मंदिर परिसर, नेरवा 2 कालोनी, सिविल अस्पताल नेरवा परिसर और तहसील कार्यालय परिसर तक साफ-सफाई की। कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश भारद्वाज के अनुसार कॉलेज में 10 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान निरंतर चलता रहेगा। अभियान के दौरान छात्रों द्वारा 800 देवदार के पौधे महाविद्यालय परिसर के साथ लगती जमीन पर रोपे गए। ब्यूरो

# विक्की चौहान के साथ झूमे संजौली कॉलेज के छात्र

**स्वर्ण जयंति समारोह में आए गायक ने युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश**

शिमला, 10 अगस्त (ब्यूरो) : संजौली कॉलेज के स्वर्ण जयंति समारोह के दूसरे दिन हिमाचल के प्रसिद्ध गायक विक्की चौहान ने अपने गीतों पर छात्रों को खूब झुमाया। विक्की चौहान संजौली कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। समारोह के अवसर पर संजौली कॉलेज के प्रथम बैच 1969 के छात्र प्रो. अतर सिंह चन्देल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ चन्द्र भान मेहता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। वहीं प्रो. अतर सिंह चन्देल ने कहा कि जिस कॉलेज से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की आज उसी कॉलेज के स्वर्ण जयंति समारोह में बतौर मुख्यातिथि आने का मौका मिला है। विक्की चौहान ने अपने चिर परिचित अंदाज में चम चमान्दे तेरे दांदढू बाठणें.... मेरे जियो दी रोही बोसी गीत से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद एक से बढ़कर एक गीत गाकर विक्की चौहान ने छात्र-छात्राओं को भी नाचने पर मजबूर कर दिया। विक्की चौहान ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। समारोह में जनरल मैनेजर एचपीएमसी शिमला सुरेन्द्र माल्टू, प्रदीप गुप्ता, सेवानिवृत्त प्राचार्य जय कृष्ण, पीपी शर्मा पूर्व छात्र 1971 बैच सहित कॉलेज के शिक्षक प्रो. भारती भागड़ा, डॉ रूप लाल शर्मा, डॉ सरिता शारदा, चरणजी लाल धर्मा, डॉ रविन्द्र चौहान, सुरेन्द्र शर्मा, अधीक्षक अनिल कुमार चौहान, नन्द लाल वर्मा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



संजौली महाविद्यालय के स्वर्ण जयंति समारोह के दूसरे दिन पहाड़ी गानों की प्रस्तुति के दौरान छात्र-छात्राएं के साथ सैल्फी लेते गायक विक्की चौहान।(ओम)

# विक्की चौहान ने पहले गाए पहाड़ी गाने, फिर ली स्टूडेंट्स के साथ सेल्फी

**शिमला** | संजौली कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन पहाड़ी गायक विक्की चौहान ने स्टूडेंट का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने पहाड़ी गाने नीरू चाल्दी घुमदी, पहाड़ी बंदे बड़े मस्त होंदे, ताओं साथे सेल्फी खींचनी। डाली झूमा, चुड़पुरा जाना जैसे पारंपरिक गाने गाकर समा बांधा। विक्की चौहान ने इस अवसर पर छात्रों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस वक्त काफी नए-नए तरीके लोक गायकी में अपनाए जा रहे हैं। मगर लोग पारंपरिक गीत को ही सुनना चाहते हैं और अच्छे लिखे गीत ही सुनते हैं। उन्होंने यूथ को कहा वे अपनी संस्कृति को संजोए रखें और नशे से दूर रहे हैं। हम खुद भी नशा न करें और दूसरों को भी इससे दूर रहने की नसीहत दें। इस अवसर पर एचपीएमसी के जीएम सुरेंद्र मालटू, प्रदीप गुप्ता, प्रिंसिपल संजौली कॉलेज डॉ.सीबी मेहता भी मौजूद रहे।



## आज कोटी स्कूल में जनमंच

## निगम ने किया था अगस्त से ऑनलाइन फीस जमा करने का दा